AgaMatrix® JAZZ™

कोई कोड नहीं

त्वरित प्रारंभन निर्देशिका

ग्राहक देखभाल: 0800 093 1812

आपात स्थिति में अपने पेशेवर स्वास्थ्य देखभालकर्ता या आपातकालीन चिकित्सा प्रतिक्रिया से संपर्क करें।

ऐगामैट्रिक्स जैज़ रक्त ग्लूकोज़ निरीक्षण प्रणाली (AgaMatrix JAZZ Blood Glucose Monitoring System) आपको अपने संपूर्ण रक्त के ग्लूकोज़ स्तरों की जाँच करने का अवसर है।

बुनियादी चरण [संपूर्ण निर्देशों के लिए अपनी ऐगामैट्रिक्स जैज़ स्वामी निर्देशिका (*AgaMatrix JAZZ Owner's Guide*) देखें]

1 परीक्षण स्ट्रिप (पट्टी) को मीटर में प्रविष्ट करें:

परीक्षण स्ट्रिप पोर्ट में परीक्षण स्ट्रिप को इस प्रकार प्रविष्ट करें कि संपर्क बार्स ऊपर की ओर उन्मुख हों। मीटर सक्रिय हो जाएगा।

सावधानी: सटीक परिणाम सुनिश्चित करने के लिए अपने हाथ को गर्म, साबुनयुक्त जल से धोएँ और उन्हें प्रत्येक परीक्षण पूर्व सुखा लें।

2 लैंस परीक्षण स्थल:

लैंसिंग उपकरण को परीक्षण स्थल पर रखकर दबाएँ और रिलीज़ बटन दबाएँ।



3 रक्त की बूँद प्रकट करें:

प्रदर्शित होने वाली रक्त की प्रथम बूँद को एक स्वच्छ टिस्यू या पेपर टॉवेल की मदद से पोंछ दें।

जब तक रक्त की छोटी-सी दूसरी बूँद न निकल जाए तब तक अपनी अँगुली को उसके आधार से सिरे की ओर दबाते रहें।



4 परीक्षण स्ट्रिप को रक्त के नमूने के संपर्क में लाएँ:

ऐगामैट्रिक्स जैज़ परीक्षण स्ट्रिप (AgaMatrix JAZZ Test Strip) रक्त को परीक्षण स्ट्रिप में नमूने वाले क्षेत्र से खींच लेती है।



5 जब मीटर संकेत ध्वनि करे तो परीक्षण स्ट्रिप के अग्र भाग (टिप) को रक्त से हटा दें:

1-2-3 की उलटी गिनती (स्क्रीन पर स्क्रॉलिंग बार) के बाद आपका परिणाम प्रदर्शनपटल पर प्रदर्शित हो जाएगा।



इस बीच मीलटाइम टैग फ्लैश हो रहा होगा। इसकी पुष्टि के लिए टिक (TICK) बटन को दबाएँ। इसे बदलने या और अधिक विवरण के लिए अपनी स्वामी निर्देशिका (गाइड) देखें।

6 समाप्ति:

प्रयोग की गई परीक्षण स्ट्रिप को हटा लें। मीटर स्वतः ही निष्क्रिय हो जाएगा। लैंसिंग उपकरण के ढक्कन को झटके से निकाल दें और लैंसेट (शल्य चिकित्सक द्वारा प्रयुक्त किया जाने वाला दो धार वाला चाकू) को हटा दें। प्रयोग की गई परीक्षण स्ट्रिप और लैंसेट का उपयुक्त ढंग से निस्तारण करें।



लैंसिंग प्रणाली तैयार करना

चेतावनी:
ऐगामैट्रिक्स लैंसिंग उपकरण का प्रयोग एक व्यक्ति द्वारा केवल स्वयं के रक्त परीक्षण के लिए किया जाना चाहिए। किसी अन्य व्यक्ति द्वारा प्रयोग किए गए लैंसेट या लैंसिंग उपकरण का प्रयोग न करें।

1. लैंसिंग उपकरण के ढक्कन को झटके से अलग करें।



2. लैंसेट धारक कप में नए लैंसेट को प्रविष्ट करें।



3. लैंसेट के ढक्कन को हटा दें।



4. लैंसिंग उपकरण के ढक्कन को वापस लगा दें।



5. लैंसिंग स्तर सेट करें।



6. कॉकिंग हैंडल को उस समय तक बाहर खींचें जब तक वह क्लिक की आवाज़ न करे।



ऐगामैट्रिक्स जैज़ ब्लड ग्लूकोज़ मीटर

ऐगामैट्रिक्स जैज़ परीक्षण स्ट्रिप



ऐगामैट्रिक्स लैंसिंग प्रणाली



निर्माता: AgaMatrix, Inc. 7C Raymond Avenue, Salem, NH 03079 USA

©2005-2015 AgaMatrix, Inc. 7500-04363-HIN Rev D

HINDI